प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 29.03.2024

- **अपराध नियंत्रण की दिशा में कानपुर देहात पुलिस की बड़ी कार्यवाही।**
- **गैर इरादतन हत्या के मामले में थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेन्ज, कानपुर श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए वादिनी द्वारा दिनांक 26.03.2024 को वादिनी के पुत्र के ऊपर उसकी पत्नी द्वारा मिट्टी का तेल डालकर आग लगा देने व दरवाजे की कुंडी बद करके आवश्यक कागजात लेकर चले जाने, जिससे वादिनी के पुत्र की इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में दिनांक 27.03.2024 को दी गयी लिखित तहरीर के आधार पर मु0अ0स0 90/2024 धारा 304 भा0द0वि0 बनाम आकांक्षा उर्फ बेबी पत्नी स्व0 चरन सिंह निवासी किशनपुर कुदौली थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात पंजीकृत किया गया था, जिसमें कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 29.03.2024 को थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्ता आकांक्षा उर्फ बेवी उपरोक्त को अनन्तपुरी इंटर कालेज सबलपुर से करीब 20 कदम पहले थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया तथा विवेचना के क्रम में प्रकाश मे आये विवेचनात्मक साक्ष्यों के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 436 भादवि0 की बढोत्तरी की गयी है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्ता को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण-

1. आकांक्षा उर्फ बेवी पत्नी स्व0 चरन सिंह नि0 किशनपुर कुदौली थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात उम्र 30 वर्ष

गिरफ्तार करने वाली थाना मंगलपुर पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री किशनपाल सिंह
2. म0हे0कां0 196 सरिता यादव
3. का0 1185 सचिन कटियार